"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 69] रायपुर, सोमवार, दिनांक 19 जनवरी 2015— पौष 29, शक 1936

पशुधन विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 14 जनवरी, 2015

अधिसूचना

क्रमांक एफ–8–126/35/2015/47.— छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 (क्र. 28 सन् 2006) की धारा 20 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, कृषिक पशु परिरक्षण के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.–** (1) ये नियम छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 कहलाएंगे।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.–** (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) **"अधिनियम"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 (क. 28 सन् 2006);

(ख) **"सक्षम प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है राज्य स्तर पर, रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग एवं जिला स्तर पर, संयुक्त संचालक/उप संचालक, जिसे राज्य शासन द्वारा प्राधिकृत किया गया हो ;

(ग) **"संस्था"** से अभिप्रेत है, ऐसी पूर्त संस्था; जिसे उपयोगी या अनुपयोगी या अवैध परिवहन के दौरान कृषिक पशुओं को रखने, उनके प्रजनन तथा भरण पोषण के प्रयोजन के लिये अथवा अशक्त, बूढ़े और रोगी पशुओं को ग्रहण करने, उनके संरक्षण, देखभाल, प्रबंध तथा उपचार करने के प्रयोजन के लिये अथवा कृषिक पशुओं को अभिग्रहित करने के लिये स्थापित की गई हो तथा इसमें सम्मिलित है

गौ–सदन, गौ–शाला, पिंजरापोल, गौ–रक्षण संस्थान और उनके परिसंघ या संघ, जो तत्समय प्रवृत्त किसी अधिनियम के अधीन पंजीकृत हो ;

(घ) **"स्थानीय अधिकारी"** से अभिप्रेत है संयुक्त संचालक/उप संचालक, छत्तीसगढ़ शासन, पशु चिकित्सा सेवा/पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ (जो पशु चिकित्सा परिषद् से पंजीकृत हों), जो संभाग/जिला/विकासखंड स्तर में कार्यरत हो, पुलिस उप निरीक्षक/पुलिस निरीक्षक/तहसीलदार/नायब तहसीलदार/आयुक्त, नगर निगम/मुख्य नगरपालिका अधिकारी/पंचायत अधिकारी एवं कृषिक पशु कल्याण अधिकारी;

(2) शब्द एवं अभिव्यक्तियां, जो इसमें प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं, उनके क्रमशः वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में उनके लिये समनुदेशित हैं ।

3. अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (ज) के अधीन अंतर्राज्यीय परिवहन अनुज्ञापत्र का जारी किया जाना.–

(1) कोई व्यक्ति, जिसमें परिवाहक भी सम्मिलित है, जो कृषि, डेयरी, नस्ल सुधार के प्रयोजन के लिये या किसी पशु मेले में भाग लेने के लिये और इसी तरह के अन्य प्रयोजनों के लिये, जो वध के प्रयोजन से भिन्न हों और जो एक राज्य से अन्य राज्य को छत्तीसगढ़ होते हुए या छत्तीसगढ़ से अन्य राज्य को या अन्य राज्य से छत्तीसगढ़ को किसी भी माध्यम से परिवहन करना चाहता हो, रु0 5000/– का शुल्क जमा करने के पश्चात्, अनुज्ञापत्र हेतु प्ररूप–1 (भाग–एक) में संबंधित जिले के कलेक्टर या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को आवेदन करेगा। पंजीयन शुल्क, संबंधित जिले के कलेक्टर के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से मांग देय ड्राफ्ट (डिमांड ड्राफ्ट) के रूप में जमा करेगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा।

(2) जारी किये गये समस्त अनुज्ञा पत्रों की समीक्षा, प्रत्येक माह जिला कलेक्टर द्वारा अनिवार्यतः की जायेगी। जारी किया गया अनुज्ञापत्र, एक समय में एक ही स्थान के लिए होगा। अनुज्ञापत्र में पशु की संख्या, प्रकार, वैधता अवधि एवं माध्यम सहित परिवहन मार्ग का स्पष्ट वर्णन होगा।

(3) छत्तीसगढ़ राज्य के किसी जिले के भीतर या अंतर–जिला या अंतर–राज्य के लिये परिवहन अनुज्ञापत्र हेतु आवेदन करने वाले किसी व्यक्ति को, परिवहन किये जाने वाले कृषिक पशुओं के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र, जो क्रय/विक्रय स्थान के निकटतम शासकीय पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ द्वारा जारी किया गया हो, प्ररूप–1 (भाग–दो) में अनिवार्यतः संलग्न करना होगा । अनुज्ञापत्र के पीछे, छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 (क्र. 28 सन् 2006) एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (1960 का 59) और अन्य संबंधित अधिनियमों और नियमों से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख (पृष्ठांकन) किया जाएगा और उनका अनुपालन करना, अनुज्ञापत्र धारक के लिए अनिवार्य होगा।

(4) कलेक्टर या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी, प्ररूप–1 (भाग–एक) में आवेदन में दिए गए विवरण के सत्यापन के लिए ऐसी जांच, जैसा कि वह आवश्यक समझे, कर सकेगा। ऐसी जांच करने के पश्चात्, यदि कलेक्टर का समाधान हो जाता है कि आवेदन में दिए गए विवरण तथा संलग्न दस्तावेज सही हैं, तो वह आवेदन की प्राप्ति की तारीख से दो सप्ताह की कालावधि के भीतर, प्ररूप–2 में परिवहन अनुज्ञापत्र जारी करेगा अथवा वह, आवेदन को इस प्रकार निरस्त करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए, आवेदन को, आदेश द्वारा, निरस्त कर सकेगा और शासकीय रजिस्टर में निरस्त करने की जानकारी भी अभिलिखित करेगा।

(5) कोई व्यक्ति, जो उप–नियम (2) के अधीन अनुज्ञापत्र की वांछा करता है और जो संबंधित जिले के कलेक्टर के आदेश से व्यथित है, तो वह, आदेश की प्राप्ति की तारीख से 30 दिवस के भीतर संभागीय आयुक्त के समक्ष पुनरीक्षण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। संभागीय आयुक्त, कलेक्टर या अन्य द्वारा पारित किसी आदेश की शुद्धता, उसकी वैधता या औचित्य के बारे में अपना समाधान करने के प्रयोजन के लिए अभिलेख मंगा सकेगा और परीक्षण कर सकेगा तथा ऐसा आदेश, जो वह युक्तियुक्त और न्यायसंगत समझे, पारित कर सकेगा। संभागीय आयुक्त द्वारा पारित आदेश, अंतिम होगा और उसकी अपील, किसी न्यायालय में नहीं होगी।

स्पष्टीकरण – (क) पैदल मार्ग से परिवहन करते समय कृषिक पशुओं का प्रत्येक झुण्ड, 25 से अधिक का नहीं होगा। यदि ऐसे कृषिक पशु के लिए विनिर्दिष्ट दूरी, समय, विश्राम अंतराल और तापमान नीचे दी गई सारणी में विहित सीमाओं से अधिक है तो किसी भी कृशिक पशु का परिवहन नहीं किया जायेगा,–

सारणी

स. क.	कृषिक पशु का विवरण	तय की गई अधिकतम दूरी/दिन/घंटा	यात्रा के दिनों/घंटों की अधिकतम अवधि	विश्राम की अवधि (अंतराल)	तापमान की सीमा अधिकतम/ न्यूनतम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	बैल, सांड़, गाय	30 कि.मी. प्रति दिन/ 4 कि.मी. प्रति घंटा	8 घंटे	प्रत्येक दो घंटे के बाद पीने के लिए और प्रत्येक चार घंटे के बाद भोजन के लिए	12 डिग्री सेंटीग्रेड से 30 डिग्री सेंटीग्रेड तक
2.	भैंसें	25 कि.मी. प्रति दिन/ 3 कि.मी. प्रति घंटा	8 घंटे	प्रत्येक दो घंटे के बाद पीने के लिए और प्रत्येक चार घंटे के बाद भोजन के लिए	12 डिग्री सेंटीग्रेड से 30 डिग्री सेंटीग्रेड तक
3.	गाय या भैंस के बछड़े	16 कि.मी. प्रति दिन/ 2.5 कि. मी. प्रति घंटा	6 घंटे	प्रत्येक 1.5 (डेढ) घंटे के बाद पीने के लिए और प्रत्येक तीन घंटे के बाद भोजन के लिए	15 डिग्री सेंटीग्रेड से 25 डिग्री सेंटीग्रेड तक

(ख) यदि परिवाहक, कृषक या गौ–पालक है तो उसे, कृषिक पशु के क्रय/विक्रय के प्रयोजन के लिए अपनी पहचान के प्रमाण के रूप में मतदाता परिचय पत्र या आधार कार्ड या मनरेगा के जॉब कार्ड की छायाप्रति, प्रस्तुत करना आवश्यक हैं। संबंधित कृषक या गौपालक, एक समय में पांच से अधिक कृषिक पशु का परिवहन नहीं करेंगे।

(ग) किन्हीं भी परिस्थितियों में पशुओं के परिवहन के दौरान पोषण आहार/चारा, पेय जल और समुचित विश्राम सुनिश्चित करना आवश्यक होगा। जुलाई से फरवरी तक सूर्योदय के पूर्व एवं सूर्यास्त के पश्चात् तथा मार्च से जून तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 5:00 बजे तक पशुओं का पैदल परिवहन निषिद्ध रहेगा। पानी पिलाने के बाद, पैदल परिवहन आरंभ करने से पहले प्रत्येक कृषिक पशु को 20 मिनट का विश्राम दिया जायेगा तथा चारा खिलाने के मामले में पैदल परिवहन आरंभ करने से पहले एक घंटे का विश्राम दिया जायेगा।

(घ) किसी भी कृषिक पशु का भारी बरसात, तूफान, भीषण सूखा या उमस की स्थिति में पैदल परिवहन नहीं किया जायेगा।

(ड.) रेल्वे या किसी अन्य वाहन से परिवहन किये जाने के दौरान, भगदड़ आदि से सुरक्षा के रुप में प्रति पशु हेतु न्यूनतम दो वर्गमीटर स्थान सुनिश्चित करना होगा। गर्भवती गाय तथा भैंसों का, अन्य पशुओं के साथ परिवहन नहीं किया जायेगा।

(च) कृषिक पशुओं के परिवहन के दौरान वाहन में हवा की पर्याप्त सुविधा होनी चाहिए। चारों ओर से बन्द वाहन में कृषिक पशुओं का परिवहन, दण्डनीय अपराध होगा।

(छ) छत्तीसगढ़ राज्य के किसी ग्राम पंचायत/नगर पंचायत क्षेत्र या पशु बाजार/मेला में कृषिक पशु की बिक्री/खरीदी के पूर्व क्रेता या विक्रेता से पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ से जारी कृषिक पशु का स्वास्थ्य प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य होगा।

(6) स्थानीय पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पुलिस उप निरीक्षक/पुलिस निरीक्षक, नायब तहसीलदार/तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी/नगर पंचायत अधिकारी का संयुक्त दल, पशु बाजार/मेले का नियमित रूप से निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए करेगा कि स्वस्थ पशु/कृषि के लिये उपयुक्त पशुओं का क्रय/विक्रय कृषि प्रयोजन के लिये हो रहा हो, वध के प्रयोजन के लिए नहीं तथा

निरीक्षण प्रतिवेदन, प्ररूप–1 (भाग–तीन) में कलेक्टर को संयुक्त संचालक/उप संचालक, जिला प्रभारी पशु चिकित्सा सेवायें के माध्यम से, प्रस्तुत किया जायेगा।

(7) कृषिक पशुओं के परिवहन के समय, संक्रामक और संसर्गजन्य रोगों से बचाव और नियंत्रण अधिनियम, 2009 (क्र. 27 सन् 2009) के उपबंधों का पालन किया जाना आवश्यक होगा।

4. **अधिनियम की धारा 2 की उप–धारा (ञ) के अधीन पशु व्यापारी का पंजीयन** –(1) कोई व्यक्ति, जो एक बार में पांच से अधिक पशुओं का व्यापार (खरीदी/बिक्री) करता हो, उसे उसके अधिवास जिले के जिला कलेक्टर कार्यालय में पशु व्यापारी के रुप में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन के लिए आवेदन, पंजीयन शुल्क रू. 3000 के साथ प्ररूप–3 (भाग–एक) में प्रस्तुत किया जायेगा। कृषिक पशुओं का अंतर्राज्यीय व्यापार करने वाले व्यक्ति के लिये यह आवश्यक होगा कि वह संबंधित जिले के कलेक्टर के कार्यालय में पशु व्यापारी के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन करे । अंतर्राज्यीय पशु व्यापारी का पंजीयन प्रमाणपत्र प्ररूप–3 (भाग–दो) में 3 वर्ष के लिए जारी किया जायेगा। शुल्क रू. 1000 प्रति वर्ष की दर से भुगतान करने पर अधिकतम 3 वर्ष की कालावधि के लिये पंजीयन का नवीनीकरण किया जायेगा।

(2) पंजीयन शुल्क का भुगतान, राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से संबंधित जिले के कलेक्टर के पक्ष में रेखांकित डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा किया जायेगा, जो वापसी योग्य नही होगा।

(3) संबंधित जिले का कलेक्टर, प्ररूप–3 (भाग–एक) में आवेदन में दिए गए विवरणों के सत्यापन के लिए ऐसी जांच, जैसा कि वह अपने समाधान के लिए आवश्यक समझे, कर सकेगा। जांच करने के पश्चात्, यदि संबंधित जिले के कलेक्टर का आवेदन में दिए गए विवरण तथा आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज की भाुद्धता के संबंध में, समाधान हो जाता है तो वह, आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से दो माह की कालावधि के भीतर, पंजीयन प्रमाणपत्र प्ररूप–3 (भाग–दो) में एवं पहचान पत्र प्ररूप–3 (भाग–तीन) में जारी करेगा अथवा वह आवेदन को इस प्रकार निरस्त करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए, आदेश द्वारा, निरस्त कर सकेगा और शासकीय रजिस्टर में इस प्रकार की जानकारी, अभिलिखित करेगा।

(4) पशु व्यापारी के लिये पशु बाजार/मेले में व्यापार के दौरान, अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।

5. **कृषिक पशु कल्याण अधिकारी की नियुक्ति.**–(1) पशु विकास विभाग के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में भी कार्य करेंगे। कोई शासकीय या अशासकीय व्यक्ति भी, जो कृषिक पशुओं के कल्याण, संरक्षण एवं सवर्धन का कार्य कर रहे हों, वे प्ररूप–4 (भाग–एक) में कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रुप में नियुक्ति के लिये आवेदन कर सकेंगे। आवेदक, आवेदन पत्र के साथ प्ररूप–4 (भाग–दो) में शपथ पत्र भी प्रस्तुत करेगा। रजिस्ट्रार/संयुक्त संचालक/उप संचालक, जैसा कि वह आवश्यक समझे, ऐसे आवेदन पत्र में दी गई जानकारी की शुद्धता का सत्यापन कर सकेंगे। कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में अशासकीय व्यक्ति की नियुक्ति के पूर्व, आवेदक का चरित्र प्रमाणपत्र, जो कि संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किया गया हो, अभिप्राप्त करना अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक के लिये यह अनिवार्य होगा कि वह वांछित चरित्र प्रमाणपत्र को रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग को 20 दिनों के अंदर प्रेषित करे।

(2) यदि रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग/संयुक्त संचालक/उप संचालक का यह समाधान हो जाता है कि आवेदन में दी गई जानकारी तथा संलग्न दस्तावेज सही है और यदि पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी चरित्र प्रमाणपत्र उपयुक्त है, तो रजिस्ट्रार, आवेदक को प्ररुप–5 में कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में नियुक्त करेगा तथा पहचान पत्र भी जारी करेगा एवं समस्त विवरणों को रजिस्टर में अभिलिखित करेगा।

(3) कृषिक पशु कल्याण अधिकारी को दो वर्ष की कालावधि के लिये नियुक्त किया जायेगा। कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में नियुक्त व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग/संयुक्त संचालक/उप संचालक को प्ररूप– 6 में प्रत्येक छः माह में छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 (क्र. 28 सन् 2006) के अधीन किये गये कार्य का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। यदि वह लगातार दो छःमाही में, विहित प्ररूप में, उक्त अभिलेख प्रस्तुत नहीं करता है, तो कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में उसकी नियुक्ति, रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग/संयुक्त संचालक/उप संचालक द्वारा निरस्त कर दी जायेगी।

(4) ऐसे व्यक्ति, जो कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में, कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 (क्र. 28 सन् 2006) के अनुसार कार्य कर रहे हों, के द्वारा निर्धारित प्ररूप–6 में प्रस्तुत जानकारी की समीक्षा और अशासकीय व्यक्ति के चरित्र प्रमाणपत्र का पुलिस अधीक्षक से पुनर्सत्यापन के पश्चात् यदि संतोषजनक पाया जाता है तो दो वर्ष के लिये रजिस्ट्रार/संयुक्त संचालक/उप संचालक द्वारा कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में नियुक्ति का नवीनीकरण किया जायेगा।

6. **अधिनियम की धारा 13 के अधीन निरीक्षण एवं अभिरक्षा में रखने की शक्ति.**– (1) कृषिक पशु कल्याण अधिकारी को, उसकी स्थानीय अधिकारिता के भीतर के क्षेत्र में, जहां उसके पास यह विश्वास करने का कारण हो कि वहां कोई अपराध किया गया है, किया जा रहा है या किया जा सकता है, प्रवेश करने तथा उसका निरीक्षण करने का अधिकार होगा और आवश्यक कार्यवाही करने की भी शक्ति होगी।

(2) प्रधान आरक्षक (हेड कांस्टेबल) के पद श्रेणी से अनिम्न का कोई पुलिस अधिकारी या कोई सक्षम प्राधिकारी, छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 (क्र. 28 सन् 2006) की धारा 4, 5 एवं 6 के उपबंधों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये अथवा स्वयं का यह समाधान करने के लिये कि उपरोक्त उल्लिखित प्रावधान का अनुपालन किया जा रहा है, निम्नलिखित कार्यवाही करेगा, अर्थात् :–

(क) वह, कृषिक पशु या उसके मांस के निर्यात के लिए उपयोग में लाए गए अथवा उपयोग में लाए जाने हेतु अपेक्षित किसी यान को रोकने के लिये सक्षम होगा तथा उसमें प्रवेश करने और उसकी अन्वेषण करने के लिये भी सक्षम होगा;

(ख) ऐसे कृषिक पशु, जिसके संबंध में उसे यह संदेह हो कि धारा 4, 5 एवं 6 के किसी उपबंध का उल्लंघन किया गया है, उल्लंघन किया जा रहा है या उल्लंघन किया जाने वाला है, उस यान सहित, जिसमें ऐसा कृषिक पशु या उसका मांस पाया जाता है, अभिग्रहण कर सकेगा या उसके अभिग्रहण को प्राधिकृत करने के लिये सक्षम होगा और इसके पश्चात् किसी न्यायालय के समक्ष उसे प्रस्तुत करने के लिये समस्त व्यवस्थायें करने हेतु सक्षम होगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि इस प्रकार अभिग्रहीत किए गए कृषिक पशु और यान को, विचारण के लंबित रहने तक, सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है।

7. **जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिहरण.** – धारा 4, 5 एवं 6 के किसी उल्लंघन की दशा में पुलिस किसी यान, कृषिक पशु या उसके मांस को अधिहृत करने के लिए सशक्त होगी और जिला मजिस्ट्रेट ऐसे यानों, कृषिक पशु या उसके मांस को, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 100 के उपबंधों के अनुसार निम्नलिखित रीति में अधिहृत करेगा, अर्थात् :–

(क) वह यान को कब्जे में लेगा ;

(ख) वह कृषिक पशु या उसके मांस को, छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग से पंजीकृत किसी संस्था अथवा व्यक्ति की अभिरक्षा में भेजेगा; तथा

(ग) कृषिक पशु के मांस का, पशुधन विकास विभाग द्वारा ऐसी रीति में, जैसा कि वह उचित समझे, निराकरण करेगा।

8. **जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के विरूद्ध सत्र न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण.**– जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित अंतिम आदेश से या आदेश के परिणाम से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसे आदेश के पारित होने के तीस दिनों के भीतर, ऐसे सत्र न्यायालय, जिसके क्षेत्राधिकार के भीतर जिला मजिस्ट्रेट का मुख्यालय स्थित हो, के समक्ष पुनरीक्षण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

स्पष्टीकरण– इस उप–नियम में निर्दिश्ट तीस दिनों की कालावधि की संगणना करते समय, जिला मजिस्ट्रेट के आदेश की प्रमाणित प्रति अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय, अपवर्जित कर दिया जाएगा।

9. **कृषिक पशुओं का संरक्षण एवं रख रखाव.**– (1) अभिगृहीत, उपयोगी, अनुपयोगी, अशक्त, वृद्ध या रोगी कृषिक पशु को किसी ऐसे संस्थान, जिसे उनके संरक्षण, प्रबंधन, प्रजनन, उपचार तथा पोषाहार के प्रयोजन के लिए

तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित की गई हो, में रखा जाएगा। ऐसी संस्था, अभिगृहीत किये गये कृषिक पशुओं का विस्तृत मासिक रिपोर्ट, प्ररूप–7 में संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करेगा।

(2) भरण पोषण व्यय, छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग नियम, 2005 के अनुसार देय होगा।

10. **संस्था को सहायता तथा अनुदान.**– (1) ऐसी संस्था, जिसमें सौ से अधिक अभिगृहीत, उपयोगी, अनुपयोगी, अशक्त, वृद्ध या रोगी कृषिक पशु हो, को राज्य सरकार/केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के अधीन सहायता/अनुदान प्राप्त होंगे।

(2) छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क. 24 सन् 1973) की धारा 44 के खण्ड (दस–ङ) के अनुसार अनुदान दिया जायेगा।

11. **परिबद्ध कृषिक पशु का सौंपा जाना.**– घूमने वाले ऐसे कृषिक पशु, जो कांजी हाऊस के कर्मचारियों द्वारा पकड़े गये हों और निर्मुक्त अथवा नीलाम नहीं किये गये हों, को स्थानीय प्राधिकारी द्वारा संस्था को सौंपे जायेंगे।

12. **प्रभारों का उदग्रहण.**– कृषिक पशु के रखरखाव तथा पोषाहार के लिये उपगत व्यय को, संस्था द्वारा ऐसे कृषिक पशु के स्वामियों से गौ–सेवा आयोग नियम, 2005 के अनुसार वसूल किया जायेगा।

13. **आर्थिक पुनर्वास योजना.**– (1) नगर निगमों, नगरपालिकाओं, नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों के स्थानीय प्राधिकारी, प्ररुप–8 में उन व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेंगे, जो अधिनियम के उपबंधो से अशंतः या पूर्णतः प्रभावित हुये हों और आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए उसे उनके कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जायेगा। आपत्तियां, यदि कोई, प्राप्त हुई हो, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निराकृत की जायेगी। तत्पश्चात्, प्रभावित व्यक्तियों की अंतिम सूची तैयार की जायेगी और प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जायेगा।

(2) स्थानीय निकाय का स्थानीय अधिकारी, अंतिम सूची को जिले के कलेक्टर को भेजेगा।

(3) स्थानीय निकाय से अंतिम सूची प्राप्त होने के पश्चात्, जिले का कलेक्टर उसकी संवीक्षा करवाएगा तथा प्ररूप–9 में प्रमाणीकरण करने के पश्चात्, वह प्रभावित व्यक्तियों की मांग के आधार पर संबंधित निगम, मण्डल और/या राज्य शासन के विभाग की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के लिए अनुशंसा करेगा और ऐसी सूची की एक प्रति, स्थानीय अधिकारी को समन्वय के लिए पृष्ठांकित की जाएगी।

(4) ऐसे विभाग, निगम और/या मण्डल आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात्, प्रभावित व्यक्तियों को, या तो सीधे या बैंक के माध्यम से, निधि उपलब्ध कराएंगे।

(5) प्रभावित व्यक्तियों के आर्थिक पुनर्वास की मासिक निगरानी (मॉनिटरिंग) कलेक्टर द्वारा की जाएगी, जिसके लिए स्थानीय अधिकारी समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे।

(6) इन नियमों के प्रवृत्त होने के पश्चात्, प्रभावित व्यक्ति इस आर्थिक पुनर्वास योजना का लाभ केवल एक ही बार प्राप्त करेगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. पाण्डेय, सचिव.

प्ररूप–एक

(भाग–एक)

[नियम 3(1) देखिए]

अंतर्राज्यीय कृषिक पशु के परिवहन अनुज्ञापत्र हेतु आवेदन

प्रति,

कलेक्टर
जिला ——————

प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित फोटो

मैं, *कृषिक पशुओं का पैदल/वाहन क. .....के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के ..... मार्ग से होते हुए (स्थान का नाम)..... तह. ..... वि.ख. ..... जिला ..... राज्य ..... से (स्थान का नाम) ..... तह. ..... वि.ख. ..... जिला के ..... राज्य ..... तक परिवहन करना चाहता हूं।

कृपया मुझे छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 के नियम 3 के उप–नियम (1) के अधीन परिवहन अनुज्ञापत्र प्रदान करें। मेरी विशिष्टयां नीचे दी गई अनुसार है :–

1. नाम .....
2. पिता का नाम .....
3. आयु .....
4. लिंग .....
5. जाति .....
6. व्यवसाय .....
7. वर्तमान पता .....
   दूरभाष क्रमांक .....
8. स्थायी पता .....
9. कृषिक पशुओं की संख्या .....

स.क्र.	कृषिक पशु का प्रकार	पहचान चिन्ह	आयु	नस्ल	लिंग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

संलग्न : (1) रूपए 5,000/– का राष्ट्रीयकृत बैंक से डिमांड ड्राफ्ट

(2) दो पासपोर्ट साइज का फोटो

(3) मतदाता परिचय पत्र/आधार कार्ड/मनरेगा का जॉब कार्ड की छायाप्रति।

स्थान :
दिनांक : आवेदक का हस्ताक्षर

* कृषिक पशु अर्थात् सभी आयु की गायें, बछड़ा–बछिया और पाड़ा–पड़िया, सांड, बैल, भैंसें।

प्ररूप–एक
(भाग–दो)
पशु स्वास्थ्य प्रमाणपत्र
[नियम 3(3) देखिए]

क्रमांक ..... दिनांक .....

प्रमाणित किया जाता हैं कि नीचे वर्णित *कृषिक पशु, जो श्री ..... पिता/पति..... निवासी .....ग्राम ..... तह. ..... जिला ..... के स्वामित्व के हैं, का मेरे द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, उक्त कृषिक पशु वृद्ध या कमजोर या अशक्त नहीं है तथा किसी संसर्गजन्य/संक्रामक बीमारी से ग्रसित है/ग्रसित नहीं है और परिवहन के प्रयोजन के लिए उपयुक्त है/उपयुक्त नहीं है।

विवरण :–

स. क्र.	कृषिक पशु के प्रकार	नस्ल	पहचान चिन्ह	लिंग	आयु	स्वस्थ है/ बीमार है	संक्रमण के ब्यौरे (यदि है तो)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

टीप– पशु स्वास्थ्य प्रमाणपत्र, शासकीय पशु चिकित्सा शल्यज्ञ अथवा राज्य पशु चिकित्सा परिषद् के अधीन पंजीकृत पशु चिकित्सक द्वारा जारी किया जायेगा।

(हस्ताक्षर एवं मुद्रा)
पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ
शासकीय पशु चिकित्सालय
जिला .....

* कृषिक पशु अर्थात् सभी आयु की गायें, बछड़ा–बछिया और पाड़ा–पड़िया, सांड, बैल, भैंसें।

प्ररूप–1

(भाग–तीन)

पशु बाजार का निरीक्षण प्रतिवेदन

[नियम 3(6) देखिए]

1. पशु बाजार का स्थान .....

ग्राम/नगर पंचायत/विकासखंड/जिला

2. पशु बाजार का दिवस .....

3. पशु व्यापारियों की संख्या .....

(अ) पंजीकृत .....

(ब) अपंजीकृत .....

4. बाजार में क्रय/विक्रय हेतु

कृषिक पशुओं की अनुमानित संख्या .....

5. बाजार में क्रय/विक्रय हेतु वृद्ध, कमजोर

एवं अशक्त कृषिक पशुओं की अनुमानित संख्या .....

6. क्या छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004

एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के प्रावधानों

का पालन किया जा रहा है हां/नहीं

7. पशु बाजार के ठेकेदार/प्राधिकृत व्यक्ति

का नाम, पता/दूरभाष नं .....

दिनांक

हस्ताक्षर

संयुक्त जांच दल

सदस्यों के नाम

मोबाईल नं.....

प्ररूप–2

[नियम 3(4) देखिए]

अंतर्राज्यीय परिवहन अनुज्ञापत्र

पंजीकरण क्रमांक ..... दिनांक .....

1. नाम .....
2. पिता का नाम .....
3. आयु .....
4. लिंग .....
5. जाति .....
6. व्यवसाय .....
7. वर्तमान पता .....
   दूरभाष क्रमांक .....
8. स्थायी पता .....
   दूरभाष क्रमांक .....
9. परिवहन का प्रकार (पैदल या वाहन) .....
   वाहन क्रमांक .....
   चालक का नाम .....
10. छत्तीसगढ़ में परिवहन मार्ग .....
11. *कृषिक पशु की संख्या .....

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्ति के विवरण सत्यापित किये गये हैं तथा अनुज्ञप्ति को छत्तीसगढ़ राज्य से होकर ..... राज्य से .....राज्य तक कृषिक पशु परिवहन के लिए जारी किया गया है।

यह परिवहन अनुज्ञापत्र दिनांक ..... तक विधिमान्य रहेगा।

स्थान :

कलेक्टर
जिला

* कृषिक पशु अर्थात् सभी आयु की गायें, बछड़ा–बछिया और पाड़ा–पड़िया, सांड, बैल, भैंसें।

कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004

छत्तीसगढ़ राज्य देश का पहला राज्य है जहां कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 को, समस्त गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशु जैसे सभी आयु की गायें, बछड़ा–बछिया और पाड़ा–पड़िया, सांड़, बैल, भैंसों के वध पर, पूर्णरूपेण प्रतिबंध लगाने हेतु, लागू किया गया है।

- अधिनियम की धारा 4 कृषिक पशुओं के वध का प्रतिषेध करती है।
- अधिनियम की धारा 5 कृषिक पशुओं के मांस रखने पर प्रतिषेध करती है।
- अधिनियम की धारा 6 वध के लिए गौवंश के परिवहन पर प्रतिषेध करती है साथ ही कृषिक पशु के परिवहन में प्रयुक्त वाहन को छः माह के लिये जप्त किये जाने का और परिवहन किये जा रहे पशुओं को जप्त करने का भी प्रावधान करती है।
- अधिनियम की धारा 4, 5 एवं 6 के किसी उपबंधों का उल्लंघन करने पर, सात वर्ष का कारावास या रू. 50,000/– के जुर्माने से दण्डनीय होगा।
- अधिनियम की धारा 11 के अधीन, अधिनियम के किन्हीं प्रावधानों के उल्लंघन के मामले में सबूत का भार अभियुक्त पर होगा।
- अधिनियम की धारा 12 के अधीन अपराध, संज्ञेय एवं अजमानतीय होगा।

पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960

इस अधिनियम का अध्याय 3 पशुओं के प्रति क्रूरता का प्रतिषेध करता है। अधिनियम की धारा 11 में ऐसे व्यक्ति, जो पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 के किन्ही प्रावधानों का उल्लघंन करता है या ऐसे अपराध, जैसे–

- पशुओं का वध, दौड़ा कर थका देना, शारीरिक यंत्रणा देने
- रोगी पशु से काम लेने
- हानिकारक औषधियों को खिलाने
- संसर्गजन्य रोग से ग्रस्त एवं अशक्त पशु को सड़क पर छोड़ने आदि हेतु दुष्प्रेरित करता है, के लिये दण्ड का प्रावधान है।

प्ररूप–3
(भाग–एक)
(नियम 4 देखिये)

अंतर्राज्यीय कृषिक पशु व्यापारी के रूप में पंजीयन के लिए आवेदन पत्र

प्रति,

कलेक्टर
जिला .....

विषय : अंतरराज्यीय *कृषिक पशु व्यापारी के रुप में पंजीयन के लिए आवेदन।

मान्यवर,

मैं छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 के नियम 4 के अधीन अंतरराज्यीय पशु व्यापारी के रूप में पंजीयन कराना चाहता हूं।

मेरा विवरण निम्नानुसार है :–

1.	नाम	:	.....
2.	पिता का नाम	:	.....
3.	जाति	:	.....
4.	व्यवसाय	:	.....
5.	वर्तमान पता	:	.....
6.	स्थायी पता	:	.....
7.	दूरभाष क्र./मोबा. नं.	:	.....

मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य है अतएव अंतर्राज्यीय कृषिक पशु व्यापारी के रूप में मेरा पंजीयन करने हेतु आपसे अनुरोध है।

संलग्न :– (1) दो पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ।

(2) पंजीयक शुल्क के रुप में बैंक ड्राफ्ट।

(3) मतदाता परिचय पत्र/आधार काड/मनरेगा का जॉब कार्ड की छायाप्रति।

स्थान :

दिनांक : आवेदक का हस्ताक्षर

* कृषिक पशु अर्थात् सभी आयु की गायें, बछड़ा–बछिया और पाड़ा–पड़िया, सांड, बैल, भैंसें।

प्ररूप–3
(भाग–दो)
(नियम 4 देखिये)

अंतर्राज्यीय कृषिक पशु व्यापारी हेतु पंजीयन प्रमाणपत्र

पंजीयन क्र..... दिनांक .....

प्रमाणित किया जाता है कि *कृषिक पशुओं की अंतरराज्यीय खरीदी/बिक्री करने के लिए श्री/श्रीमति.....पिता/पति..... निवासी ग्राम/नगर.....तह./वि.खं. ..... जिला ..... छत्तीसगढ़, जाति..... व्यवसाय ..... को अंतर्राज्यीय कृषिक पशु व्यापारी के रूप में पंजीकृत किया जाता है, जो दिनांक ..... तक अधिमान्य रहेगी ।

कलेक्टर
जिला

*कृषिक पशु अर्थात् सभी आयु की गायें, बछड़ा–बछिया और पाड़ा–पड़िया, सांड, बैल, भैंसें।

प्ररूप–3

(भाग–तीन)

(नियम 4 देखिये)

अंतर्राज्यीय कृषिक पशु व्यापारी का पहचान पत्र

छायाचित्र

पशु व्यापारी के हस्तक्षार

श्री / श्रीमति.....पिता / पति.....
निवासी ग्राम / नगर.....तह. / वि.खं. ..... जिला .....
को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 के नियम 4 के अधीन अंतर्राज्यीय कृषिक पशु व्यापारी के रूप में पंजीकृत किया जाता है, जिसका पंजीयन क्र. .....वैधता दिनांक ..... तक है।

कलेक्टर
जिला

* कृषिक पशु अर्थात् सभी आयु की गायें, बछड़ा–बछिया और पाड़ा–पड़िया, सांड, बैल, भैंसें।

प्ररूप–4

(भाग–एक)

[नियम 5(1) देखिये]

कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के लिए आवेदन पत्र

प्रति,

पंजीयक
छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग
रायपुर (छ.ग.)

विषय : कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

मैं, छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 और छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग अधिनियम, 2004 (क्र. 23 सन् 2004) के अधीन कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में कार्य करने की इच्छा रखता हूं तथा निःस्वार्थ भाव से बिना किसी पारिश्रमिक के कार्य करूंगा।

मेरा विवरण निम्नानुसार है :–

1.	नाम	:	.....
2.	पिता का नाम	:	.....
3.	जन्मतिथि	:	.....
4.	व्यवसाय	:	.....
5.	वर्तमान पता, मोबाईल नंबर सहित	:	.....
6.	स्थायी पता, मोबाईल नंबर सहित	:	.....

मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य है और प्रमाण के रूप में मतदाता परिचय पत्र/आधार कार्ड/मनरेगा का जॉब कार्ड की छायाप्रति संलग्न हैं। यदि मुझे कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है और मुझे परिचय पत्र जारी किया जाता हैं, तो मैं परिचय पत्र का दुरूपयोग नही करूंगा।

हस्ताक्षर

स्थानीय संस्थाओं द्वारा परिचय प्रमाणपत्र

सत्यापित किया जाता है कि श्री ..... पिता ..... जाति .....
उम्र ..... निवास (ग्राम/वार्ड)..... तहसील/वि.खं. .....
जिला .....के निवासी है जो कृषिक पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन में रुचि रखते हैं।

हस्ताक्षर मुद्रा सहित
अध्यक्ष/सचिव
स्थानीय गौशाला .....
पता .....

हस्ताक्षर मुद्रा सहित
पार्षद/सरपंच
पता .....
.....

*कृषिक पशु अर्थात् सभी आयु की गायें, बछड़ा–बछिया और पाड़ा–पड़िया, सांड, बैल, भैंसें।

प्ररूप–4

(भाग–दो)

[नियम 5(1) देखिये]

कृषिक पशु कल्याण अधिकारी का शपथपत्र

(रू. 50/– के नॉन–जुडीशियल स्टाम्प पेपर पर)

शपथपत्र

मैं श्री/श्रीमति..... पिता/पति..... जाति..... उम्र..... निवासी ग्राम/नगर.....तहसील/वि.ख.....जिला.....सत्यनिष्ठा से कथन करता हूँ तथा शपथ लेता हूँ कि यदि मुझे छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 के नियम 5 के अधीन तथा छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग अधिनियम, 2004 (क. 23 सन् 2004) की धारा 12 के खण्ड (ढ) के प्रयोजन के लिये कृषिक पशु कल्याण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो मैं छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 6, 7, 13, 16 एवं 17 के प्रावधानों द्वारा आबद्ध रहूंगा और अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन, पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करूंगा तथा मैं अपने पद का दुरूपयोग नहीं करूंगा।

दिनांक हस्ताक्षर

स्थान

नाम.....

पिता का नाम.....

वि.खं. .....

जिला.....

दो गवाहों के नाम एवं पते

गवाहों के नाम	पता	हस्ताक्षर
1.		
2.		

प्ररूप–5

[नियम 5(2) देखिये]

कृषिक पशु कल्याण अधिकारी का पहचान पत्र

जारी दिनांक .....

छायाचित्र

कृषिक पशु कल्याण अधिकारी हस्ताक्षर

श्री ..... पिता ..... निवासी ग्राम/नगर .....
तह./वि.खं. .....जिला.....को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 के नियम 5 के अधीन तथा छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग अधिनियम, 2004 (क. 23 सन् 2004) की धारा 12 के खण्ड (ढ) के प्रयोजन के लिये कृषिक पशु कल्याण अधिकारी कमांक..... के रूप में नियुक्त किया जाता है।

यह पहचान पत्र दिनांक ..... तक विधिमान्य है।

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग
रायपुर

प्ररूप–6

[नियम 5(3) एवं (4) देखिये]

कृषिक पशु कल्याण अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रतिवेदन

क्र.	दिनांक	पुलिस थाने में एफ.आई. आर. करने का दिनांक	पुलिस थाने का नाम वि.खं. जिला	जप्त पशुओं की संख्या एवं प्रकार	जप्त पशुओं को अभिरक्षा में प्राप्त/लेने वाले गौ–शाला का नाम/ सुपुर्दगी प्राप्तकर्ता का नाम	न्यायालय मे चालान पेश होने का दिनांक	न्यायालय में प्रकरण की स्थिति	जागरुकता हेतु कृषकों के साथ बैठक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)

हस्ताक्षर

कृषिक पशु कल्याण अधिकारी

पता

ग्राम .....

विकासखंड .....

तहसील .....

जिला .....

मोबाईल नं. .....

प्ररूप–7

[नियम 9 (1) देखिये]

संस्थाओं द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया जाने वाला प्रतिवेदन

स. क्र.	जप्त पशुओं को गौ–शालाओं की अभिरक्षा में प्राप्त करने का दिनांक	पुलिस थाने में एफ.आई.आर. करने का दिनांक	पुलिस थाने का नाम विकासखण्ड / जिला	न्यायालय में चालान पेश होने का दिनांक	जप्त पशुओं की संख्या एवं प्रकार	जप्त बीमार पशुओं की संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

हस्ताक्षर

अध्यक्ष

गौ–शाला / गौ–सदन .....

पता.....

.....

प्ररूप–9

[नियम 13(3) देखिए]

कार्यालय, कलेक्टर, जिला ..... छत्तीसगढ़

क्रमांक..... दिनांक .....

प्रति,

संचालक
पशु चिकित्सा सेवायें,
इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)

विषय :– छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 के नियम 13 के उप–नियम (3) के अधीन प्रभावित व्यक्तियों की सूची।

स. क्र.	प्रभावित व्यक्ति का नाम	पिता का नाम	जाति	पता	निगम/बोर्ड/राज्य सरकार की स्वरोजगार योजना की अनुशंसा	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त जानकारी अभिलेख के अनुसार सही है।

(हस्ताक्षर)

कलेक्टर
जिला .....(छत्तीसगढ़)

पृष्ठांकन

प्रतिलिपि अग्रेषित :–

संयुक्त संचालक/उप संचालक, पशु चिकित्सा, जिला .....(छत्तीसगढ़)

(हस्ताक्षर)

कलेक्टर
जिला .....(छत्तीसगढ़)

Raipur, the 14th January 2015

NOTIFICATION

No. F-8-126/35/2015/47.— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 20 of the Chhattisgarh Agricultural Cattle Preservation Act, 2004 (No 28 of 2006), the State Government, hereby, makes the following rules relating to Agricultural cattle preservation, namely:-

RULES

1. **Short title and commencement**.- (1) These rules may be called the Chhattisgarh Agricultural Cattle Preservation Rules, 2014.

(2) It shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.** – (1) In this rules, unless the context otherwise requires,-

(a) **"Act"** means the Chhattisgarh Agricultural Cattle Preservation Act, 2004 (No. 28 of 2006);

(b) "**Competent Authority**" means at State Level, the Registrar, the Chhattisgarh Go-Seva Ayog and at District Level, Joint Director/Deputy Director who have been authorized by the State Government;

(c) "**Institution**" means such charitable institutions, which is engaged in Agricultural cattle welfare and which has been established for the purpose of keeping, breeding and maintaining Agricultural cattle or the purpose of reception, protection, care, management and treatment of infirm, aged and disease cattle or for seizing Agricultural cattle during useful or un-useful or illegal transportation, and includes Gosadan, Goshala, Pinjrapole, Gorakshan Sansthan and their Federation or union, which are registered under any Act for the time being in force;

(d) **"Local Officer"** means the Joint Director/Deputy Director, Government of Chhattisgarh, Veterinary Services/Veterinary Assistant Surgeon (Registered with the Veterinary Council), who are officers working in Division/District /Development Block Level/ Sub-Inspector Police /Inspector Police/ Tehsildar/ Naib Tehsildar/ Commissioner, Municipal Corporation /Chief Municipal Officer /Panchayat Officer and Agricultural Cattle Welfare Officer.

(2) Words and expressions used herein but not defined shall have the same meaning as respectively assigned to them in the Act.

3. **Issuance of Inter-State Transportation license under clause (h) of Section 2 of the Act**.- (1) Any person, which includes transporter, who for the purpose of agriculture, dairy, improvement of breeding or for participation in Cattle fair and for similar purpose, which is different from the purpose of slaughtering, and who wants to transport from one State to another State through Chhattisgarh or from Chhattisgarh to other State or from other State to Chhattisgarh by any medium shall after deposition of fee of Rs 5000/- shall apply for license in Form-1(Part-I) to the concerned District Collector or any other officer authorized by him. The registration fee shall be paid in the favour of the concerned District Collector by way of demand draft through any nationalized bank, which shall not be refundable.

